St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

FOR GOD AND COUNTRY

Hindi Grammar : (2nd Term) **(Answer Worksheet –8)** **Date: 10.08.2020**
Topic: अनुच्छेद लेखन **Class -3**

' बरसात का एक दिन ' विषय पर एक अनुच्छेद लिखो :-

संकेत बिंदु :-

- बहुत तेज़ बारिश होना
- विद्यालय में छुट्टी
- सड़क का दृश्य
- तुमने क्या किया ?
- तुम्हे कैसा अनुभव हुआ ?

' बरसात का एक दिन '

एक दिन रात में मूसलाधार बरसात हो रही थी | सुबह जब मैं सोकर उठा , तो माँ ने बताया कि कल रात से पानी बरस रहा है | आज विद्यालय भी बंद है , क्योंकि चारों तरफ पानी भर गया है | मैं बहुत खुश हो गया कि आज तो बहुत मज़ा करेंगे | मैंने घर से बाहर देखा तो सड़क पर चारों ओर पानी ही पानी दिखाई दे रहा था | कुछ लोग छाता लेकर दिखाई दे रहे थे | उनके घुटनो तक पानी था | फिर भी वे सामान लेने निकले थे | दो - चार गाड़ियां भी दिखाई दे रही थी | एक गाड़ी फंस गई , तो आदमी बाहर आकर धक्का दे रहा था |

मेरे घर के पास ही मेरा मित्र रहता था | मैंने उसे बुलाया और छत पर दोनों खेलने लगे | पानी कम हो गया था | माँ ने हमलोगो को छत पर गरम समोसे बना कर दिए | हम दोनों काफी देर तक खेलते रहे | कागज की नाव बनाकर पानी में चलाया | फिर माँ के बुलाने पर नीचे आ गए |

मुझे बरसात का वह दिन बहुत अच्छा लगा | मुझे ऐसा अनुभव हुआ कि प्रकृति हमको कितनी खुशियाँ देती हैं | हमें भी प्रकृति को संभालकर रखना चाहिए |

Poonam Mehra